कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.08.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
बी0कॉम0 का कटऑफ 96.2 प्रतिशत, बी0एससी0 में भी कड़ी स्पर्धा

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0 प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश सूची जारी कर दी गयी।

बी0एससी0 बॉयो में कटऑफ सर्वाधिक 89.4 प्रतिशत गया है। जहाँ 150 सीटों के लिए 1010 आवेदन आए। जबकि गणित के लिए कटऑफ 94.8 प्रतिशत गया।

कम्प्यूटर साईंस की मांग इस वर्ष भी अधिक रही इसमें 93.4 प्रतिशत कटऑफ गया। 40 सीट के लिए 204 आवेदन आए।

कॉमर्स के लिए बी0कॉम0 प्रथम वर्ष में कड़ी स्पर्धा है। यहाँ 370 सीटों के लिए 1020 आवेदन मिले सर्वाधिक कटऑफ 96.2 प्रतिशत रहा। जबकि बी0कॉम0 कम्प्यूटर एप्लीकेशन में कटऑफ 91.4 प्रतिशत है।

कला संकाय के लिए छात्राओं का रूझान बना हुआ है। यहाँ 370 सीटों के लिए 824 आवेदन मिले और सर्वाधिक कटऑफ 92.4 प्रतिशत गया।

इस सत्र से प्रारंभ हो रहे नए विषय 'मूर्तिकला' के लिए भी छात्राओं ने रूचि दिखाई है। नृत्य एवं संगीत विषयों का चुनाव भी छात्राओं ने बड़ी संख्या में किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रवेश की प्रथम सूची महाविद्यालय के सूचना पटल के साथ ही वेबसाईट में भी प्रदर्शित की गई है। प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 08 अगस्त निर्धारित है। इसके बाद रिक्त शेष सीटों के लिए द्वितीय सूची जारी की जावेगी।

स्नातकोत्तर कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर में भी प्रवेश जारी है। शीघ्र ही द्वितीय सूची भी जारी की जावेगी। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 04 काउंटर बनाए गए है तथा हेल्प डेस्क के माध्यम से भी सभी जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)